वस्त्र मंत्रालय

मंत्रिमंडल के लिए अप्रैल, 2022 का मासिक सारांश

1. नीतिगत निर्णय : शून्य

2. महत्वपूर्ण उपलब्धियां :

(i) पीएलआई योजना के तहत कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उत्पाद संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन पर विचार करने के लिए सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में दूसरी और तीसरी चयन समिति की बैठक क्रमशः 13.4.2022 और 27.04.2022 को हुई । सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में चयन समिति ने योजना के तहत अब तक 64 आवेदकों का चयन किया है।

(ii) कपास बीज की अखिल भारतीय आवक लगभग 7.39 लाख गांठे थी। अक्टूबर 2021 से अप्रैल 2022 के बीच कपास की कुल आवक 272.05 लाख गांठ रही है। यह गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना मे लगभग 19% कम हैं। हालांकि, इस वर्ष आवक पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि के दौरान औसत आवक की तुलना में 0.25% कम है। चूंकि बाजार में कपास की कीमतें एमएसपी से ऊपर चल रही हैं, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने अप्रैल, 2022 के दौरान एमएसपी अभियान के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

(iii) इस महीने के दौरान चेन्नई और बेंगलुरू में सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईसी) द्वारा दो "हथकरघा एक्सपो 2022" प्रदर्शनियां आयोजित की गई हैं।

(iv) अप्रैल, 2022 के दौरान राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) परिसरों ने आजादी का अमृत महोत्सव के लिए पहचाने गए विषयों के अनुसार 5 कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

(v) निफ्ट द्वारा 22 और 23 अप्रैल, 2022 को तीन परिसरों में क्षेत्रवार नामत: उत्तर, पूर्व और दक्षिण क्षेत्रों में कन्वर्ज नामक वार्षिक खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

(vi) अप्रैल माह 2022के दौरान , बुनकर मुद्रा योजना के तहत, कुल 561 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए।

(vii) माननीय वस्त्र मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- 06.04.2022 को संसद भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में उत्पाद संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) और पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) योजना पर वस्त्र मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक।
- 15.4.2022 को होटल ग्रैंड हयात, मुंबई में वर्ष 2022-23 के लिए निर्यात लक्ष्य तय करने के लिए हितधारकों के साथ वार्ता बैठक।
- माननीय मंत्री जी 16 अप्रैल, 2022 को मुंबई के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि थे।
- संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) के तहत अंतर मंत्रालयी संचालन समिति (आईएमएससी) की 6वीं बैठक 28.04.2022 को आयोजित की गई।

(viii) माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- 02.04.2022 को तमिलनाडु वस्त्र उद्योग के हितधारकों के साथ एक वार्ता बैठक।
- माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने 11.04.2022 को जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बी.के.सी. बांद्रा (पूर्व), मुंबई में सीएमएआई फैब शो का उद्घाटन किया।
- दिनांक 9 अप्रैल, 2022 को आयोजित निफ्ट, जोधपुर के दीक्षंत समारोह में माननीय जल शक्ति मंत्री मुख्य अतिथि और माननीय वस्त्र राज्य मंत्री सम्मानित अतिथि थी।

- माननीय वस्त्र राज्य मंत्री, 2 अप्रैल, 2022 को आयोजित निफ़्ट चेन्नई के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि थे।
- वस्त्र मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक6 अप्रैल, 2022 को संसद भवन एनेक्सी में आयोजित की गई।

(ix) सचिव (वस्त्र) ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- 01 अप्रैल, 2022 को संशोधित व्यापक विद्‌युतकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीपीसीडी) के तहत विद्‌युतकरघा क्लस्टर के लिए परियोजना सलाहकार और निगरानी समिति (पीएएमसी) की बैठक।
- 4 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली मे क्षमता निर्माण योजनाओं पर क्षमता निर्माण आयोग के प्रशासनिक सदस्यो के साथ बैठक।
- 4 अप्रैल, 2022 को बंद/विलय/विनिवेश के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों की पहचान के लिए अधिकारियों के समूह (सीजीओ) की समिति पर नीति आयोग के सीईओ के साथ वर्चुअल बैठक।
- 6 अप्रैल, 2022 को महाराष्ट्र राज्य सहकारी कपास उत्पादक विपणन संघ के प्रबंध निदेशक के साथ बैठक ।
- 12 अप्रैल, 2022 को सीआईटीआई-सीआईडीआरए द्वारा "कपास की अधिक उपज शुद्ध उपज" का माननीय उपराष्ट्पति द्वारा उद्‌घाटन।
- 20 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली में जीआईजेड इंडिया और सीसीआई द्वारा कपास में स्थिरता पर आयोजित राज्य कार्यशाला में मुख्य वक्ता।

(x) कार्यक्रम

- वस्त्र मंत्रालय मे दिनांक 11.4.2022 को राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।
- वस्त्र आयुक्त कार्यालय ने 14.4.2022 को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 131वीं जयंती मनाई।

....